पत्रसंख्या : एनआरएचएम / सच / 15/2008/4414-12 दिनांक : 22 दिसम्बर 08

## कार्यालय ज्ञाप

उत्तर प्रदेश में चिन्हित 18 जनपदों में "स्कीम फॉर एडोलेसेन्ट काउन्सिलिंग फॉर हेल्थ–**सच**" लागू की जानी है। योजना के अन्तर्गत जनपदों में विभिन्न स्तरों पर **सच केन्द्र** स्थापित किये जाने हैं, जिसमें किशोर एवं किशोरियों को पारिवारिक जीवन शिक्षा, पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता, प्रजनन स्वास्थ्य (आर0टी0आई0 / एस0टी0आई0, एड्स आदि) सम्बन्धी विभिन्न जानकारियां उपलब्ध हो सकें। उक्त केन्द्र जनपद मुख्यालय, अर्बन स्लम, चिन्हित दो ग्रामीण एफ0आर0यू0 एवं उपकेन्द्र स्तरीय ग्रामों पर स्थापित किये जाने हैं। उक्त परियोजना के सफल क्रियान्वयन एवं समय–समय पर अनुश्रवण एवं मार्गदर्शन हेतु एक राज्य स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय ग्रुप का गठन निम्नवत किया जा रहा है :–

**राज्य स्तर पर अन्तर्विभागीय समन्वय ग्रुप**
**(Inter departmental coordination group-ICG) का गठन**

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | – प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वा0एवं प0क0, उ0प्र0शासन |
| सदस्य | – प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल कल्याण, उ0प्र0शासन<br>– प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन<br>– मिशन निदेशक–एन0आर0एच0एम0<br>– परियोजना निदेशक, उ0प्र0 एड्स कंट्रोल सोसाइटी,<br>– सचिव, युवा कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन<br>– सचिव, सूडा, उत्तर प्रदेश शासन<br>– महानिदेशक, परिवार कल्याण, प0क0 महानिदेशालय<br>– निदेशक–परिवार कल्याण, प0क0 महानिदेशालय<br>– महाप्रबन्धक, किशोर स्वास्थ्य, एन0आर0एच0एम0<br>– निदेशक, नेहरू युवा केन्द्र |
| सदस्य सचिव | – निदेशक–मा.शि.क., प.क.महानिदेशालय, उ.प्र.,लखनऊ |

समिति की प्रथम बैठक शीघ्र ही आयोजित की जाएगी जिसमें केन्द्र पर रखी जाने वाली सूचना / शिक्षण सामग्री पर प्रस्तुतीकरण कर अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। बैठक के आयोजन हेतु स्थल, तिथि एवं समय के सम्बंध में आपको पृथक से अवगत कराया जाएगा।

(राजीव कपूर)
मिशन निदेशक

पत्रसंख्या : एनआरएचएम / सच / 15/2008/ तद्दिनांक

**प्रतिलिपि** : उपरोक्त समन्वय ग्रुप अध्यक्ष के अवलोकनार्थ एवं सम्बंधित अधिकारियों को सूचनार्थ प्रेषित।

(राजीव कपूर)
मिशन निदेशक